ब्रीफ न्यूज

दरबोड़ा में ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

गलोड़। दरबोड़ा में अचानक सड़क पर ट्रैक्टर पलट गया। ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक अचानक ट्रैक्टर पर नियंत्रण खो बैठा। तकनीकी खराबी के चलते हुई इस सड़क दुर्घटना के दौरान चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया। हालांकि स्थानीय लोगों ने इस दौरान खूब बीच-बचाव किया, लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी। इस घटना में नारा गांव का 50 वर्षीय किशोरी लाल मौत का शिकार बना है। उधर, गलोड़ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

छात्र ने निगला जहरीला पदार्थ

नादौन। थाना क्षेत्र नादौन के अंतर्गत भूपल सुधियाल गांव की एक स्कूली छात्रा ने गलती से कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन उसे नादौन अस्पताल ले आए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हमीरपुर अस्पताल रैफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह छात्रा ने गलती से जहरीली दवाई खा ली, जिसका पता तब चला जब अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। थाना प्रभारी नादौन महेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र कार्यक्रम पहली से

हमीरपुर। हिम-आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला इकाई द्वारा एक जुलाई से जिला हमीरपुर में पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र सभी खंड इकाइयों में जाकर बनाने का कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में यह डिजिटल प्रमाण पत्र की सुविधा ऐसे पेंशनरों तक जो चलने फिरने में असमर्थ हों या बीमारी की वजह से बिस्तर में हों को उपलब्ध करवाए जाने का प्रयास रहेगा। संघ द्वारा विगत दो साल से यह सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र अॅपलोड तभी होंगे यदि पेंशन कागजात व आधार में पेंशनर का नाम, जन्म तिथि आदि एक जैसे हों और किसी भिन्नता के लिए आधार में इंद्राज करवा लिया जाए। समस्त खंड इकाइयों के पदाधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस बारे पेंशनरों की सहायता जरूर करें।

टेलेंट सर्च प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 24 को

भोटा। संजीवन चैरिटेबल टैलेंट सर्च प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन 24 जून को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में किया जाएगा। इसमें जिला के 20 स्कूलों के लगभग 150 बच्चे भाग लेंगे। परीक्षा के लिए रोल नंबर और एडमिट कार्ड वेबसाइट 19 जून से डाउन लोडकर सकते हैं। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष बलदेव धीमान ने दी।

छात्रवृत्ति के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

हमीरपुर। भारतीय डाक विभाग की दीनदयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना के वर्ष 2018-19 की आवेदन प्रक्रिया आरंभ हो गई है। छठी से नौवीं कक्षा तक के छात्र 31 जुलाई तक इस छात्रवृत्ति राशि के लिए आवेदन कर सकते हैं। भारतीय डाक विभाग ने फिलेटली टिकट संग्रह की पहुंच को बढ़ाने के लिए यह छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। शौक के तौर पर डाक टिकटों में रुचि रखने वाले उन मेधावी छात्रों को यह छात्रवृत्ति राशि प्रदान की जाएगी, जिनका शैक्षणिक रिकॉर्ड अच्छा होगा। इस छात्रवृत्ति को प्रदान करने का उद्देश्य बच्चों में छोटी आयु से ही फिलेटली के शौक को बढ़ावा देना है। इस योजना की छात्रवृत्ति राशि पांच सौ रुपये प्रतिमाह की दर से छह हजार रुपये प्रतिवर्ष होगी। फिलेटली में रुचि रखने वाले और योजना की पात्रता शर्तें पूरी करने वाले छात्र 31 जुलाई से पहले इस छात्रवृत्ति के आवेदन फार्म डाक मंडलीय कार्यालय हमीरपुर में स्कूल मुख्याध्यापक या प्रधानाचार्य के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। उधर, प्रवर अधीक्षक मुख्य डाकघर हमीरपुर भवानी प्रसाद शर्मा का कहना है कि विभाग ने इस योजना के तहत पात्र छात्रों के आवदेन 31 जुलाई से पहले आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त 2018 को इस छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी।

डीसी कांगड़ा संदीप कुमार की माता का निधन



नादौन। डीसी कांगड़ा संदीप कुमार की माता का मंगलवार को देहांत हो गया। नादौन की मूल निवासी चंचला देवी आयु (70) पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनका उपचार पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। बताया जा रहा है कि पिछले तीन दिन से उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। मंगलवार दोपहर उन्होंने पीजीआई में अंतिम सांस ली। नादौन के श्मशानघाट में उनकी अंत्येष्टि की गई।

बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान

नादौन। नादौन क्षेत्र के राजकीय पाठशाला बटाहली में बंदरों के आतंक से सहमें लोगों ने एसडीएम नादौन को शिकायत पत्र सौंप कर उन्हें इस समस्या का समाधान करवाने की गुहार लगाई है। ज्ञापन सौंपने आए महिला मंडल बटाहली, चहरूं, कैहरन, क्षेत्र के ग्रामीणों तथा स्कूल के अध्यापकों व मुख्य शिक्षक प्रदीप कौशल ने बताया कि इस समस्या के कारण बच्चे भी स्कूल नहीं आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों को खाना तक खिलाना भी कठिन हो गया है। उन्होंने बताया कि कभी भी बंदरों के झुंड स्कूल में धावा बोल देते हैं, जिससे हर समय बच्चे व स्टाफ सहमे रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के हमलों में क्षेत्र के कई लोग घायल हो चुके हैं। लोगों ने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम नादौन डीआर धीमान ने बताया कि समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

लुथान पंचायत में वॉशिंग मशीन के नाम पर 150 रुपये की वसूली

मनरेगा के तहत मजदूरों को मिलने वाली वॉशिंग मशीन पर लोगों से लूट

शमन कुमार। नादौन

मनरेगा के तहत मजदूरों को मिलने वाली वॉशिंग मशीन पर लोगों को लूटा जा रहा है। विकास खंड नादौन की लुथान पंचायत में हुए इस अनौखे कारनामे के दौरान वसूल की गई राशि लोगों को वापस नहीं की जा रही है।

बताया जा रहा है कि पंचायत में प्रति मजदूर 150 रुपये वसूल किया गया, जब इस उगाही पर पंचायत में चर्चा तेज हो गई, तो आनन-फानन में कुछ लोगों को पैसे वापस कर दिए, लेकिन अभी भी ऐसे कई लोग है, जिन्हें उक्त राशि नहीं मिली है। ऐसे लोगों में पंचायत के प्रति रोष बना हुआ है। लोगों में विजय, कमला, बिमला, चंचला, रीना, रेखा, किशोरी लाल, राम चंद, राम प्रकाश, किशन दत्त, मान चंद, ज्ञान चंद आदि ने बताया कि गत शनिवार को कुछ लोग पंचायत घर में आए और सूचना दी कि मनरेगा के अंतर्गत जिन लोगों को वॉशिंग मशीनें नहीं मिली हैं उन्हें यह शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जाएंगी, परंतु इसके लिए घर की प्रमुख महिला का आधार कार्ड तथा दो फोटो आवश्यक हैं। वहीं इस योजना का लाभ उठाने के लिए 150 रुपये प्रति लाभार्थी जमा करवाने होंगे, जैसे ही पंचायत के लोगों को इसकी सूचना मिली वैसे ही काफी संख्या में लोग अपने दस्तावेज लेकर पंचायत घर पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार यह क्रम दो दिन तक लगातार चलता रहा। लोगों द्वारा पैसे वसूलने पर किसी प्रकार की कोई रसीद तक नहीं दी गई, परंतु शोर मचने पर रविवार को काफी लोगों के पैसे लौटा दिए गए, लेकिन जिन लोगों ने सबसे पहले शनिवार को पैसे जमा करवाए थे उनमें से कई लोगों को यह पैसे अभी तक वापस नहीं मिले हैं। हैरानी की बात तो यह है कि केंद्र सरकार की योजना के चलते ग्रामीणों को यह लाभ निशुल्क दिया जा रहा है तब कैसे इस तरह की वसूली की जा सकती है।

बताया जा रहा है कि क्षेत्र की कई पंचायतों में ऐसी वसूली की गई, परंतु जब भड़ोली पंचायत में यह लोग फार्म भर रहे थे, तब लोगों ने इन्हें पकड़ लिया। पता चला है कि यह लोग धर्मशाला क्षेत्र से यहां आए थे। इस संबंध में पंचायत प्रधान सरोज कुमारी ने बताया कि कुछ लोग पंचायत में फार्म भरने के नाम पर वसूली कर रहे थे, जिन पर शक होने के कारण उन्हें ऐसा करने से रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि एक दिन की वसूली के पैसे उन्होंने लोगों को लौटा दिए हैं, जबकि एक दिन के पैसे आगामी शनिवार को लौटाने को कहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की कुछ और पंचायतों में भी ऐसी ही वसूली की गई है। एसडीएम ज्वालामुखी राकेश शर्मा ने बताया कि संबंधित विभाग तथा पंचायतों से इस बारे पूछताछ की जाएगी और दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सूरत-ए-हाल

- लोगों से वसूले गए पैसों की किसी प्रकार की कोई रसीद तक नहीं थमाई जा रही
- मामले की चर्चा होने पर कुछ को लौटाए पैसे

भड़ोली में तीन दिवसीय मेले का आयोजन

नादौन। श्रीलक्ष्मी नारायण गौशाला भड़ोली भगौर में तीन दिवसीय मेले का आयोजन 27, 28 व 29 जून को होगा। इसमें खेलें व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। मेले के आयोजन को लेकर गौशाला में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री विशेष रूप से उपस्थित होंगे। मेले का शुभारंभ 27 जून को किया जाएगा। इसके भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय अग्निहोत्री बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। 29 जून को होने वाले समापन समारोह के मुख्यतिथि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री विरेंद्र कंवर तथा उद्योग मंत्री बिक्रम ठाकुर को आमंत्रित किया जाएगा। यह जानकारी मेला समिति के प्रवक्ता विनोद कुमार पाधा ने दी। उन्होंने बताया कि मेला समिति का अध्यक्ष राजेंद्र कुमार को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 27 जून को होने वाले समारोह में पहाड़ी गायक हंस राज, 28 जून को मशहूर गायक धीरज शर्मा व 29 जून को सर्वजीत सिंह आनंदपुर वाले कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

कांगू, दंगड़ी नौहंगी में आज बंद रहेगी बिजली

नादौन। सब स्टेशन 33 केवी रंगस के अंतर्गत विद्युत उपकेंद्रों एवं विद्युत लाइनों के रखरखाव के लिए चलाए जाने वाले मरम्मत कार्यों के कारण इन क्षेत्रों के कई भागों में बुधवार 20 जून को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विभाग के एसडीओ अशोक कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि रंगस के अंतर्गत आने वाले कांगू, दंगड़ी, नौंहगी, नरवाह, समूंहन, भलूं, तरकेड़ी, दसवां, लाहड़ कोटलू, आदि गांवों में सुबह नौ बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यदि इस दिन बारिश हुई तो अगले दिन विभाग द्वारा यह कार्य किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विभाग के नंबर 01972-232266 पर संपर्क किया जा सकता है।

बिटिया फाउंडेशन ने लगाया जागरुकता शिविर

टौणी देवी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कक्किडयार में मंगलवार को बिटिया फाउंडेशन की तरफ से छात्र-छात्राओं को लड़कियों के प्रति वर्तमान में घटित हो रहे विभिन्न अपराधों जैसे साइबर क्राइम, कन्या भ्रूण हत्या व विकृत मानसिकता वाले लोगों से किस प्रकार बचा जाए इन विषयों पर जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रवक्ता प्रताप सिंह रणौत ने छात्रों को इन अपराधों से बचने के लिए अपील की। प्रधानाचार्य विजय कुमार ने बिटिया फाउंडेशन का स्वागत किया तथा जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया। इस मौके पर फाउंडेशन की जिला हमीरपुर प्रधान सीमा डोगरा, उपाध्यक्ष नीता पठानियां, सचिव संजीव ठाकुर, स्थानीय महिला मंडल प्रधान मंजू राठौर व सलाहकार सत्या देवी आदि उपस्थित रही।

गरीब लोगों को घर-द्वार पहुंचाई जाएं योजनाएं

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। सुजानपुर

बाल विकास परियोजना सुजानपुर की खंड स्तरीय पोषण अभियान के अंतर्गत समन्वय समितिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना की त्रैमासिक बैठक एवं समेकित बाल विकास सेवा योजना की मूल्यांकन एवं समीक्षा बैठक बलवीर सिंह उपमंडल अधिकारी सुजानपुर जिला हमीरपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर उन्होंने अवगत करवाया कि विकास खंड सुजानपुर में 123 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष के 3143 बच्चों, 604 गर्भवती व धात्री महिलाओं को पूरक पोषाहार वितरित किया जा रहा है। बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 220 बच्चों को 3,80,350 रुपये, मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना अंतर्गत 287 मामलों में 5,56,823, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत आठ मामलों में 3,20,000 रुपये, बाल बालिका सुरक्षा योजना के अंतर्गत 10 मामलों में 1,32,806 रुपये, यौन दुराचार पीड़ित महिलाओं के एक मामलों में 25,000, प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना के 168 महिलाओं को 2,72,000 की राशि वितरित की गई है। उन्होंने इन योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया तथा निर्देश दिए कि इन योजनाओं को और प्रभावी ढंग से लागू करने व प्रचार एवं प्रसार के लिए पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि जमीनी स्तर पर गरीब से गरीब व्यक्ति तक इन योजनाओं को पहुंचाया जा सके। इसके अतिरिक्त पंचायत स्तर पर योजना के प्रपत्र उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में एसडीएम ने दिए-निर्देश

खेल प्रतियोगिताओं के लिए वर्ष 2018-19 का कैलेंडर जारी

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

जिला प्रारंभिक क्रीड़ा संघ हमीरपुर अंडर-14 की जिला कार्यकारिणी की बैठक उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके आगामी तीन वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर ओंकार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंदडू, प्रथम उपाध्यक्ष के पद पर मदन बन्याल प्रधानाचार्य रावमापा गलोड़, दूसरे उपाध्यक्ष के पद पर अशोक सोनी प्रधानाचार्य रावमापा मनोह, तीसरे उपाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार, पीईटी रावमापा कुठेड़ा, तथा रेणु कौशल प्रधानाचार्य रावमापा जलाड़ी एवं नीना शर्मा प्रधानाचार्य रावमापा अमरोह लेखा परीक्षक के पद के लिए निर्वाचित हुए। इसके उपरांत बैठक में खेल प्रभारी मस्त राम बडयाल ने पिछले साल की अंडर-14 खेलकूद गतिविधियों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त मस्त राम बडयाल ने पिछले वर्ष का वित्तीय लेखा-जोखा भी संघ कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे संघ कार्यकारिणी ने ध्वनिमत से पारित किया। इस वर्ष दो नई खेलें शतरंज व जूडो भी अन्य खेलों के साथ संपन्न की जानी है, जिनमें शतरंज खेल खंड स्तर पर (लड़कें व लड़कियों के लिए) तथा जूडो जिला स्तर पर लड़कों तथा लड़कियों की खेल प्रतियोगिताओं के साथ संपन्न होगी। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी ने वर्ष 2018-19 का अंडर-14 स्तर की खेलों का कैलेंडर भी जारी किया। इसके तहत धोरंज की खेल प्रतियोगिताएं रावमापा भुकड़ में 6 अगस्त से 8 अगस्त तक, हमीरपुर की खेल प्रतियोगिताएं रावमापा सासन में 6 से 8 अगस्त तक, सुजानपुर की खेल प्रतियोगिताएं रावमापा करोट में 6 से 8 अगस्त तक, बिझड़ी की खेल प्रतियोगिताएं रावमापा घंघोट में 12 से 14 अगस्त तक, टौणी देवी की खेल प्रतियोगिताएं रावमापा गुलेला में 12 से 14 अगस्त तक, नादौन की खेल प्रतियोगिताएं रावमापा रैल में 12 से 14 अगस्त तक, जिला स्तरीय खेलें (लड़कियों की मेजर, माइनर, जूडो, चैस) की ल प्रतियोगिताएं रावमापा डिडवीं में 17 से 20 अगस्त तक, जिला स्तरीय खेलें (लड़कों की मेजर, माइनर, जूडो, चैस) की खेल प्रतियोगिताएं सुजानपुर (बाल) में 24 से 27 अगस्त तक, कोचिंग कैंप (लड़कियों के लिए) रावमापा मुंडखर में 28 अगस्त से 2 सितंबर तक, लड़कियों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं रावमापा करसोग, मंडी में 4 सितंबर से 7 सितंबर तक, मेजर कोचिंग कैंप (लड़कों के लिए) रावमापा मैड में 10 सितंबर से 15 सितंबर तक, लडकों की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं मेजर गेम्स रावमापा करल्पा जिला किन्नौर में 18 से 21 सितंबर तक, जिला स्तरीय लड़के व लड़कियों की दौड़कूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता रावमापा बिझड़ी में 2 अक्तूबर से 5 अक्तूबर तक, माइनर कोचिंग कैंप (लड़कों के लिए) रावमापा भोटा में 7 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक, लड़कों के लिए राज्य खेलकूद प्रतियोगिता माइनर गेम्स रावमापा बस्सेहड़ा, जिला ऊना में 14 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक, लड़के व लडकियों की दौड़कूद प्रतियोगिता के लिए कोचिंग कैंप रउपा चौकी जंबाला में 23 अक्तूबर से 28 अक्तूबर तक, राज्य स्तरीय लड़के व लड़कियों की दौड़कूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिता रावमापा हमीरपुर बाल में 30 अक्तूबर से 3 नवंबर तक व राज्य स्तरीय लड़के व लड़कियों की शतरंज प्रतियोगिता रावमापा गोहर, जिला मंडी में 13 नवंबर से 14 नवंबर तक होगी।

एनीमिया की चपेट में हमीरपुर शहर

बच्चे व बुजुर्गों में पाए लक्षण, आयुर्वेदिक विभाग की रिपोर्ट में खुलासा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। हमीरपुर

जिला हमीरपुर के अधिकतर लोग एनीमिया की चपेट में हैं। एनीमिया सब रोगों की जड़ होता है। इससे अन्य कई बीमारियां होने का डर रहता है। जिला आयुर्वेदिक विभाग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जिला के अधिकतर लोग एनीमिया से ग्रसित हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुर्वेदिक विभाग द्वारा जिलाभर में किए गए सर्वे के अनुसार ज्यादातर बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग एनीमिया की चपेट में हैं। विभाग द्वारा अप्रैल माह में जिला के 465 विभिन्न लोगों की एनीमिया की जांच की गई। इनमें से 358 लोग एनीमिया से ग्रसित पाए गए। उचित खानपान न होने, जंक फूड का इस्तेमाल करने, पेट में कीड़े आदि से लोग एनीमिया से ग्रसित हो रहे हैं। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुर्वेदिक विभाग ने एनीमिया मुक्त अभियान चलाया है। इसके तहत विभागीय टीमें लोगों में एनीमिया की जांच कर रही हैं और उन्हें एनीमिया से बचने के लिए उचित परामर्श दे रही हैं। एनीमिया से बचने के लिए चिकित्सक संतुलित आहार लेने के कृमि मुक्ति दवाई खाने और जंक फूड न खाने की सलाह दे रहे हैं। विभाग द्वारा हर माह के पहले और तीसरे शनिवार को जिला के विभिन्न गांवों में लोगों की एनीमिया की जांच की जा रही है। इस संबंध में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सरिता राणा का कहना है कि जिले में अधिकतर लोग अनीमिया की चपेट में आ रहे हैं। विभागीय जांच के दौरान 465 में 358 लोग एनीमिया से ग्रसित निकले हैं। उन्होंने संतुलित आहार लेने और बच्चों क्रीमी मुक्ति दवाई एलबेंडाजोल खाने की सलाह दी है।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

(सीआइएन: L31901HP2009PLC031083)

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल-174303, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश, भारत
टेलीफोन / फैक्स: 01975 272001, वेबसाइट: www.inoxwind.com; ई-मेल: investors.iwl@inoxwind.com

9वीं वार्षिक साधारण बैठक, पुस्तकें बंदी की सूचना
एवं रिमोट ई-वोटिंग की जानकारी

सर्वसाधारण एवं विशेष तौर पर कम्पनी के उन सदस्यों को, जिनका भारत में कोई पंजीकृत पता विद्यमान नहीं है तथा जिन्होंने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 20 के साथ पठित सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सूचीकरण विनियम) की विनियम 47 के अन्तर्गत सूचना भेजने हेतु कम्पनी को भारत में कोई पता उपलब्ध नहीं कराया है, सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने बृहस्पतिवार, 12 जुलाई 2018 को 11:00 बजे पूर्वाह्न होटल पंडित मूलराज रेजिडेन्सी, एसएच-25, ऊना-नांगल रोड, रक्कर कॉलनी, जिला ऊना - 174303, हिमाचल प्रदेश, भारत में आयोजित होने वाली कम्पनी की 9वीं वार्षिक साधारण बैठक से संबंधित सूचना (सूचना) भौतिक अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित की जा चुकी हैं जिनमें सदस्यों को प्रेषित सूचना के शर्तानुरूप वार्षिक साधारण बैठक में निष्पादित किए जाने वाले व्यवसायों का ब्यौरा विदित है। वार्षिक रिपोर्ट के साथ ही सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com एवं सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 एवं सूचीकरण विनियम के विनियम 42 के अन्तर्गत एतद् द्वारा यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें शुक्रवार, 6 जुलाई, 2018 से बृहस्पतिवार, 12 जुलाई, 2018 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक वार्षिक साधारण बैठक के पूर्व कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में अंशधारकों के खाते के सामंजस्य हेतु बन्द रहेंगे।

कम्पनी द्वारा सभी सदस्यों को, जो कट-ऑफ तिथि अर्थात् बृहस्पतिवार, 5 जुलाई, 2018 को भौतिक अथवा डी-मैटेरियलाइज्ड तौर पर अंशधारण करते हैं को, वार्षिक साधारण बैठक में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में सीडीएसएल के प्लैटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग सुविधा प्रदान की गई है। सदस्यों से आग्रह है कि वोटिंग सहित ई-वोटिंग के निम्नलिखित कार्यक्रम पर ध्यान दें।

विवरण	दिनांक
सूचना के प्रेषण के पूर्ण होने की तिथि	18 जून, 2018
रिमोट ई-वोटिंग के आरम्भ होने की तिथि तथा समय	9 जुलाई, 2018 9:00 बजे पूर्वाह्न
रिमोट ई-वोटिंग के समाप्त होने की तिथि तथा समय	11 जुलाई, 2018 5:00 बजे अपराह्न
परिणाम की घोषणा की तिथि	13 जुलाई, 2018

ई-वोटिंग हेतु प्रक्रिया तथा निर्देश सूचना के नोट नं. 7 में दिया गया है। वे व्यक्ति जो सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनते हैं वे भी सूचना के नोट नं. 7 में ई-वोटिंग उल्लेखित समान निर्देशों का पालन करें। वे सदस्य जिन्होंने ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर लिया हो वे बैठक में भाग ले सकते हैं परन्तु उन्हें पुनः वोटिंग का अधिकार नहीं होगा। सदस्य द्वारा एक बार मतदान करने के पश्चात् उन्हें उसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

वे सदस्य जिन्होंने ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान न किया हो एवं एजीएम में उपस्थित हों उन्हें एजीएम में मतपत्र के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

वोटिंग (ई-वोटिंग एवं मतपत्र द्वारा वोटिंग) का अधिकार कट-ऑफ तिथि को कम्पनी के सदस्यों के नाम में पंजीकृत अंशों के प्रदत्त मूल्य पर संगणित होगा।

इलैक्ट्रानिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा के सम्बन्ध में किसी भी शिकायत हेतु सदस्य श्री राकेश दल्वी, प्रबन्धक,सीडीएसएल, 'ए' विन्ग, 25वी मंजिल मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल्स कम्पाउंड, एनएम जोशी मार्ग, लोवर पारेल (पू), मुम्बई - 400013, फोन 1800225533, ईमेल आईडी- helpdesk.evoting@cdslindia.com से सम्पर्क कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त वर्णित विशिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त ई-वोटिंग सीडीएसएल द्वारा निष्क्रीय कर दिया जाएगा।

नोट: वह सदस्य जो बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु अधिकृत है उसे अपने बजाए उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु एक प्रॉक्सी नियुक्त करने का भी अधिकार है एवं प्रॉक्सी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। विधिवत क्रियान्वित प्रॉक्सी बैठक के निश्चित समय से कम-से-कम 48 घंटे पूर्व कम्पनी के साथ पंजीकृत हो जाने चाहिए।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते आइनॉक्स विंड लिमिटेड
हस्ता/-
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 18 जून, 2018

पहल

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने पर्यटकों को आकर्षित करने को उठाया कदम

शिमला-मटौर फोरलेन किनारे बनेंगे विश्राम गृह

हर 40 किमी की दूरी पर उपलब्ध होगी सुविधा

सुरेश कश्यप। हमीरपुर

फोरलेन मार्ग के किनारे अब जगह-जगह विश्राम गृह बनेंगे। इन विश्राम गृहों के भीतर तमाम सुविधाओं के साथ-साथ एक अच्छे बीयर बार की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने पूरे देश में इस नई सुविधा को शुरू करने का निर्णय लिया है। हिमाचल का शिमला-मटौर फोरलेन भी इन तमाम सुविधाओं से लैस होगा।

प्रदेश में बनने वाले इस फोरलेन मार्ग का कार्य लगभग शुरू हो चुका है। मार्ग पर चलने वाले पर्यटकों को अब अच्छे होटल व रेस्टोरेंट की चिंता नहीं रहेगी। हर 40 किमी की दूरी पर विश्राम गृह बनेंगे। हिमाचल में पहली बार सरकारी स्तर पर ऐसी व्यवस्था होने जा रही है।जानकारी के मुताबिक फोरलेन निर्माण का जिम्मा लेने वाली कंपनी को ही ये विश्राम गृह बनाने होंगे। टेंडर में शामिल की गई इस सुविधा को बजट भी जोड़ा गया है। जैसे ही फोरलेन बनकर तैयार होगा, वैसे ही ये विश्राम गृह भी तैयार हो जाएंगे।

फोरलेन किनारे बनने वाले विश्राम गृह कुछ इस तरह के हो सकते हैं।

केंद्र सरकार के इस फैसले का स्थानीय लोगों को भी फायदा होगा। क्योंकि हर 40 किमी पर बनने वाले इस विश्राम गृह में जुटाई गई सुविधा का लाभ आम आदमी भी ले सकेगा।

विदेशों की तर्ज पर दी जाएंगी सुविधाएं

यह सारी व्यवस्था विदेशों की तर्ज पर होने जा रही है। विदेशों में बनने वाले हर राष्ट्रीय मार्ग के किनारे ऐसी सुविधाओं की व्यवस्था रहती है। बताया जा रहा है कि इन विश्राम गृह को चलाने का जिम्मा भी पर्यटन विभाग का होगा। राष्ट्रीय हाईवे फोरलेन अथॉरिटी की मानें तो बीयर बार व रेस्टोरेंट की सुविधा वाले ऐसे विश्राम गृह फोरलेन के किनारे ही बनेंगे। इनको तैयार करने की जिम्मेदारी हाईवे अथॉरिटी की होगी।

फोरलेन के किनारे अब विश्राम गृह की सुविधा हर 40 किमी पर मिलेगी। अच्छे रेस्टोरेंट व शौचालय के साथ-साथ यहां पर बीयर बार की व्यवस्था भी होगी। पर्यटकों की सुविधा के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। राज्य का पहला मार्ग शिमला-मटौर इस सुविधा से लैस होगा।

- सतीश नाग, कंसल्टेंट, फोरलेन अथॉरिटी ऑफ इंडिया, शिमला